E-mail- eebupjn_vns@yahoo.com
दूरभाष कार्यालय– 0542–2506233

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, वाराणसी।
65, बी कैण्टोनमेंट नदेसर (टी0वी0 टावर के पास) वाराणसी – 221002

पत्रांक– 1031 / अनुपालन आख्या / 46 दिनांक– 08.07.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः–** **दैनिक भाष्कर द्वारा ऑन लाइन प्रकाशित निगेटिव न्यूज के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भाष्कर द्वारा ऑन लाइन प्रकाशित निगेटिव न्यूज संदर्भ में आख्या निम्नानुसार है–

| क्र. सं. | संदर्भ | सही / गलत | आख्या | समय सीमा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | वाराणसी में जल जीवन मिशन की जलापूर्ति ठप–ग्रामीण बोले–डीजल चोरी, निष्पक्ष जॉच एवं और कार्यवाही की मांग। | गलत | उक्त खबर विकास खण्ड पिण्डरा के ग्राम पंचायत टिकरी खुर्द में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्मित पेयजल योजना से सम्बन्धित है। टिकरी खुर्द पेयजल योजना सोलर पैनल के माध्यम से संचालित की जाती है। अज्ञात लोगों द्वारा सोलर पैनल क्षतिग्रस्त कर दिया गया तथा सोलर पैनल से सम्बन्धित केबिल काटकर चोरी कर लिया गया था, जिसकी सूचना सम्बन्धित पुलिस थाना को दी गई है। जलापूर्ति बाधित न हो इसके लिये जनरेटर सेट के माध्यम से नलकूपों का संचालन कर जलाशयों को भरा जा रहा है। जलाशय को पूरा भरने में 6 घण्टे का समय लगता है, जिसमें लगभग 20 लीटर डीजल की खपत होती है। पेयजल योजना पर अधिष्ठापित जनरेटर सेन्सरयुक्त है, जिससे जनरेटर के चलने का समय तथा डीजल की खपत का डाटा प्राप्त किया जा सकता है। डीजल चोरी होने की सम्भावना नही होती है। वर्तमान में टिकरी खुर्द पेयजल योजना से जनरेटर के माध्यम से नियमित रूप से जलापूर्ति की जा रही है। | – |

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0– / / दिनांक–

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (वा0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जू0ई0।
4. मे0 एल0एण्ड0टी0, वाराणसी।

अधिशासी अभियन्ता